# पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही

सी.यू.जी. – 9454400307, दूरभाष- 05414-250236, ई-मेल- spsrn-up@nic.in


# प्रेस-नोट, जनपद भदोही

**पत्र संख्या- (08)/2025** **दिनांक- 07.05.2025**

**श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही** के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 07.05.2025 को श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण व श्री चमन सिंह चावड़ा क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर के नेतृत्व में थाना गोपीगंज व एसओजी/ सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन त्रिनेत्र के माध्यम से जनपद में लगे विभिन्न स्थानों लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से थाना गोपीगंज व औराई पर मोटरसाईकिल चोरी के सम्बन्ध में पंजीकृत कुल 06 घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए मोटरसाईकिल चोरी करने का अभियुक्त के साथ उसके 04 अन्य साथी को गिरफ्तार कर चोरी की 07 मोटरसाईकिल बरामद किया गया है।

## थाना औराई, गोपीगंज व एसओजी सर्विलांस: पुलिस टीम द्वारा थाना गोपीगंज व औराई पर मोटरसाईकिस चोरी के सम्बन्ध में पंजीकृत 06 घटना का सफल अनावरण एक मोटरसाइकिल चोर व उसके चार साथियों को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की 07 मोटरसाइकिल बरामद बरामद।

## पूर्व की घटनाओं का संक्षिप्त विवरण-:

1.दिनांक-28.04.2025 को श्री शिवचंद यादव निवासी उपरौठ थाना औराई जनपद भदोही द्वारा थाना औराई पर सूचना दिया गया कि औराई चौराहा से उनकी स्पलेंडर प्लस मोटरसाईकिल किसी ने चोरी कर लिया गया है। सूचना पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना औराई पर मु0अ0सं0 181/25 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना के अनावरण के प्रयास सहित विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

2.दिनांक-23.04.2025 को उमेश कुमार निवासी मैलोना द्वारा थाना गोपीगंज पर सूचना दिया गया उनकी मोटरसाईकिल अग्रहरी अस्पताल जंगीगंज से चोरी कर ली गई है। सूचना पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना गोपीगंज पर मु0अ0सं0 188/25 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना के अनावरण के प्रयास सहित विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

3.दिनांक 24.04.2025 को सतीश निवासी लाल नगर द्वारा थाना गोपीगंज पर सूचना दिया गया कि उनकी एचएफ डीलक्स बाइक किसी के द्वारा चोरी कर लिया गया है। सूचना पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना गोपीगंज पर मु0अ0सं0 191/25 धारा 303(2) बीएनएस बीएनएस का अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना के अनावरण के प्रयास सहित विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

4.दिनांक 24.04.2025 अनिल कुमार निवासी गोधना द्वारा थाना गोपीगंज पर सूचना दिया गया कि उनकी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल श्री स्वर्गीय घनश्याम बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने से चोरी हो गई है। सूचना पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना गोपीगंज पर मु0अ0सं0 192/25 धारा 303(2) बीएनएस बीएनएस का अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना के अनावरण के प्रयास सहित विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

5.दिनांक 24.04.2025 सौरभ कुमार मौर्य निवासी ग्राम कलापुर सुधवै द्वारा थाना गोपीगंज पर सूचना दिया गया कि उनकी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जंगीगंज बाजार से चोरी हो गई है। सूचना पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना गोपीगंज पर मु0अ0सं0 219/25 धारा 303(2) बीएनएस बीएनएस का अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना के अनावरण के प्रयास सहित विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

6.दिनांक 24.04.2025 राजेश कुमार मौर्य निवासी ग्राम बलनपुर द्वारा थाना गोपीगंज पर सूचना दिया गया कि उनकी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल धनतुलसी मोड़ गोपीगंज से चोरी हो गई है। सूचना पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना गोपीगंज पर मु0अ0सं0 220/25 धारा 303(2) बीएनएस बीएनएस का अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना के अनावरण के प्रयास सहित विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

## गिरफ्तारी का विवरण

**श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही** द्वारा चोरी की घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल पर्यवेक्षण व श्री चमन सिंह चावड़ा, क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर के नेतृत्व में ऑपरेशन त्रिनेत्र के माध्यम से जनपद में लगे विभिन्न स्थानों लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आज दिनांक 07.05.2025 को थाना औराई व गोपीगंज, एसओजी/ सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम मदनपुर स्थित बाग से उपरोक्त घटनाओं को कारित करने वाला चोर व उसके चार साथियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है अभियुक्त को कब्जे से चोरी की साथ मोटरसाइकिलों को बरामद किया गया है उक्त गिरफ्तारी बारामती के आधार पर थाना गोपीगंज पर मु0अ0सं0 223/25 धारा 317(2) का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गई है

## पूछताछ का विवरण-

पूछताछ में अभियुक्त अजित कुमार गौतम द्वारा द्वारा बताया गया कि मैं अपने आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ हेतु रात्रि में अलग अलग जगहो से इन सात गाड़ियो की चोरी किया हूँ जिनको मै इन चारो लोगो को बेचा है शेष बची दो मोटरसाईकिल को बेचने के लिए एक व्यक्ति का इन्तजार कर रहा था कि आप लोग आ गए। कड़ाई से पूछताछ किया गया तो अभियुक्त अजित कुमार गौतम द्वारा बताया गया कि स्पलेण्डर प्लस काले रंग की आसमानी सफेट पट्टी लगी हुयी गाड़ी जिस पर GJ01VG5231 का नम्बर प्लेट लगा है इस गाड़ी को मै दिनांक 26.04.2025 को थाना औराई के बाहर से चोरी किया था जिसका नम्बर प्लेट मैने बदलकर 2200 रुपए में अखिलेश दूबे पुत्र सुनील दूबे निवासी औरा (पानी टंकी) थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज को बेचा हैं जो अखिलेश दूबे के कब्जे से वरामद हुयी। तथा स्पलेण्डर प्लस काले रंग की जिस पर आरेंज कलर की पट्टी लगी हुयी है जिसको दिनांक 05.05.2025 को दिन में 11.30 बजे करीब जंगीगंज बाजार से चोरी किया था जिसको मै 3000/- रुपए में उजाला पाण्डेय पुत्र राजकुमार पाण्डेय निवासी जसवां थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज को बेच दिया है जो उजाला पाण्डेय के कब्जे से वरामद हुयी। तथा स्पलेण्डर प्लस काला रंग को दिनांक 24.05.2025 को बैंक आफ बड़ौदा कस्बा गोपीगंज से चोरी किया था जिसको मै 2600/- रपया में विशाल निषाद पुत्र विजय निषाद निवासी बारीपुर थाना कोईरौना जनपद भदोही को बेच दिया है तथा स्पलेण्डर प्लस काले रंग सफेद मटमैला रंग की पट्टी लगी हुयी को मै दिनांक 15.04.2025 को धनतुलसी मोड़ जंगीगंज से चोरी किया था जिसको मै 2500/- रुपया में विशाल निषाद पुत्र विजय निषाद निवासी बारीपुर थाना कोईरौना जनपद भदोही को ही बेचा हूँ उक्त दोनो वाहन विशाल निषाद के कब्जे से वरामद हुआ। हीरो स्पलेण्डर काले रंग की जिसका को मैने दिनांक 23.04.2025 को समय करीब 11.45 बजे जंगीगंज बाजार मे अग्रहरी हास्पिटल के पास से चोरी किया जिसको मै सागर पाण्डेय पुत्र विजय पाण्डेय निवासी जसवां थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज को 1000/- रुपया में बेच दिया है उक्त वाहन सागर पाम्डेय के कब्जे से वरामद हुयी। तथा शेष बची दो मोटर साईकिल हीरो होण्डा प्लस व वाहन संख्या UP70CK0634 को अलग अलग जगह से चोरी किया हूँ जिसका मुझे याद नही आ रहा है। इन दोनो गाड़ियो को बेचने के लिए मै मीरजापुर के एक व्यक्ति से बात किया था जो दोनो मोटरसाईकिल लेने के लिए कहा था उसी के इन्तजार में हम लोग खड़े थे कि आप लोगो ने पकड़ लिया ।

## अपराध का तरीका-

पेशेवर तरीके से बाजार, सड़क के किनारे खड़े दो पहिया वाहन चोरी करते थे। चोरी के उपरांत दोपहिया वाहनों को जनपद के बाहर विभिन्न स्थानों पर कम दाम में बेच देते थे।

## गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-

1. अजीत कुमार पुत्र मेवालाल हरिजन निवासी जसवां थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज उम्र करीब 18 वर्ष

2.अखिलेश दूबे पुत्र सुनील दूबे निवासी औरा थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज उम्र 20 वर्ष

3. उजाला पाण्डेय पुत्र राजकुमार पाण्डेय निवासी जसवां थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज उम्र 28 वर्ष

4. विशाल पुत्र विजय निषाद निवासी बारीपुर थाना कोईरौना जनपद भदोही उम्र 18 वर्ष

4. सागर पाण्डेय पुत्र विजय पाण्डेय निवासी जसवां थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज उम्र 19 वर्ष बताया

## बरामदगी का विवरण-

07 अदद चोरी की मोटर साईकिल

## अनावरण अभियोगों का विवरण-

1. मु0अ0सं0 181/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना औराई जनपद भदोही

2. मु0अ0सं0 188/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना गोपीगंज जनपद भदोही

3. मु0अ0सं0 191/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना गोपीगंज जनपद भदोही

4. मु0अ0सं0 192/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना गोपीगंज जनपद भदोही

5.मु0अ0सं0 219/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना गोपीगंज जनपद भदोही

6. मु0अ0सं0 220/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना गोपीगंज भदोही व बढोत्तरी धारा 317(2)(4)(5)/319(2)/318(4)/338/336(3)/340(2) बीनएस -

## गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

**टीम-I-** डा0 आशुतोष तिवारी प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज, उ0नि0 दिनेश कुमार प्रभारी चौकी कस्बा गोपीगंज उ0नि0 बीरबहादुर चौधरी प्रभारी चौकी जंगीगंज ,उ0नि0 गिरिश राय मय का0 नवीन कुमार , का0 सुनील कुमार वर्मा ,का0 सत्यप्रकाश ,हे0का0 गुफरान अहमद ,हे0का0 मिथिलेश सिंह गोपीगंज जनपद भदोही

**टीम-II-** निरी0 श्याम बहादुर यादव (प्रभारी एस0ओ0जी0/ सर्विलांस सेल),हे0का0 धीरेन्द्र श्रीवास्तव, हे0का0 राधेश्याम कुशवाहा, हे0का0 हरिकेश यादव, हे0का0 बृजेश सिंह सुर्यवंशी, का0 हिमान्शु सिंह, का0 गोपाल खरवार, का0 नीरज यादव,का0 प्रवेश कुमार, का0 शेराफुल हसन, का0 अहम सिंह, का0 प्रिन्स भार्गव,का0 राघवेन्द्र कुशवाहा,का0प्रत्युश पाठक व का0 चा0 हरिओम यादव स्वाट व सर्विलांस टीम

चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण में शामिल पुलिस टीम का उत्साहवर्धन करने हेतु **श्री अभिमन्यु मांगलिक,** पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा **25,000/- रु0** से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।